आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।
दिनांकः 07.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- नई दिल्ली में आज से आतंक–रोधी सम्मेलन का आयोजन–देश की सुरक्षा को मजबूत करने में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढाने पर किया जायेगा विचार विमर्श।
- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के तहत अब तक कुल 2 हजार 338 पात्र मतदाताओं ने घर से किया मतदान।
- कोटा में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने दी मंजूरी।
- छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास–आज विभिन्न घाटों पर अस्तांचलगामी सूर्य को देंगे अर्घ्य।

नई दिल्ली में आज से आतंक–रोधी सम्मेलन शुरू हो रहा है। इसमें देश की सुरक्षा को मजबूत करने में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढाने के उपाय किये जाएंगे। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहा है। इसमें एकीकृत संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ, आतंकवाद से निपटने में विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय बढाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान पुलिस और केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी तथा विधि, फॉरेंसिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। इनमें आतंकवाद की रोकथाम के लिए कानूनी ढांचा, अभियोजन की चुनौतियाँ और उभरती प्रौद्योगिकी जैसे मुद्दे शामिल है। भारत से बाहर संचालित आतंकी नेटवर्क समाप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और कार्य नीतियों पर भी सम्मेलन में विचार किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार भारत को आतंक–मुक्त करने और आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की नीति के प्रति वचनबद्ध है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत कर उन्हें अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत पर बधाई दी है। दोनों नेताओं ने विश्व शांति के लिए मिलकर काम करने की बात कही। बातचीत के दौरान श्री ट्रंप ने कहा कि पूरी दुनिया श्री मोदी से प्यार करती है। भारत को एक शानदार देश बताते हुए श्री ट्रंप ने श्री मोदी को एक शानदार इंसान बताया। वहीं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत–अमरीका संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक बार फिर मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय खाद्य निगम – एफसीआई में दस हजार सात सौ करोड़ रुपये की इक्विटी डालने के कैबिनेट के फैसले की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस पूंजी से अनाज की खरीद और वितरण का कुशल प्रबंधन करने की एफसीआई की क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों के लिए मददगार होगी और इससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दिए जाने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना युवा शक्ति को मजबूत करने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम है। गौरतलब है कि कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय खाद्य निगम के लिए 10 हजार 700 करोड़ रूपये की इक्विटी निवेश को मंजूरी दी है। वहीं मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्या लक्ष्मी योजना को भी मंजूरी दी गई है।

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए चल रही होम वोटिंग के तहत अब तक कुल 2 हजार 338 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि खींवसर, रामगढ और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग का पहला चरण पूरा हो गया है। जबकि दौसा में कल से इसकी शुरूआत हुई और आज अंतिम दिन है। दौसा में कल पहले दिन 206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्री महाजन ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान तीन दिनों में सर्वाधिक मतदान देवली–उनियारा में हुआ हैं जहां कुल 460 मतदाताओं ने घर से मतदान प्रकिया में भाग लिया। होम वोटिंग का दूसरा चरण 9 और 10 नवंबर को आयोजित होगा।

इसमें, पहले चरण से वंचित मतदाता घर से मतदान की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। गौरतलब है कि सातों क्षेत्रों में कुल 3 हजार 193 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था। इस प्रक्रिया के लिए निर्वाचन विभाग ने 87 मतदान दलों का गठन किया है। इस बीच विभिन्न पार्टियों के नेता और प्रत्याशी जोर शोर से प्रचार में जुटे हुए है।

कोटा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन और अधिकारियों के साथ राजस्थान राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल बैठक की। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान हवाई अड्डा निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर समय सीमा तय की गई।

केन्द्रीय माध्यिमक शिक्षा बोर्ड – सी.बी.एस.ई. ने राजस्थान और दिल्ली में ऐसे 21 स्कूलों की सम्बद्धता समाप्त कर दी है, जहां ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में बड़ी संख्या में स्कूल नहीं आने वाले विद्यार्थी पंजीकृत थे। बोर्ड ने छह स्कूलों का दर्जा उच्च माध्यमिक से घटाकर माध्यमिक भी किया है। सी.बी.एस.ई. ने बताया कि उन्होंने इस साल 3 सितम्बर को राजस्थान और दिल्ली में 27 सम्बद्ध विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान कई अनियमितताओं पाई गई।

छठ पूजा समारोह का आज तीसरा दिन है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाशयों के किनारे अनुष्ठान करेंगे और विभिन्न छठ घाटों पर शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। चार दिवसीय इस पर्व का समापन कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। नदियों के तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष बंदोबस्त किये है। इधर प्रदेश में भी उत्साह के साथ छठ माता का पूजन किया जा रहा है। जयपुर जिला प्रशासन ने मंदिर ठिकाना गलता जी परिसर में आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए है। कोटा के रंगबाडी बालाजी कुंड, भीतरिया कुंड और चम्बल नदी के किनारे चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर सूर्य उपासना का यह पर्व मनाया जा रहा है। पाली में लाखोटिया स्थित छठ घाट को सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

जैसलमेर में देशी –विदेशी सैलानियों को सुरक्षा और सहायता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से ऑपरेशन वेलकम अभियान चलाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके तहत अब तक 42 लपको के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है।

अजमेर में चल रहे पुष्कर मेले के तहत सूचना और जनसम्पर्क विभाग की ओर से फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि आज से 12 नवम्बर तक भेज सकते है। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का विषय वाइब्रेंट कलर्स ऑफ पुष्कर रहेगा।